

Chapter

14

# ऊष्मागतिक प्रक्रम



ऊष्मागतिकी विज्ञान की वह शाखा है जो वस्तुओं के बीच ऊष्मीय ऊर्जा के विनिमय को व्यक्त करती है एवं ऊष्मीय ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में और यांत्रिक ऊर्जा के ऊष्मीय ऊर्जा में परिवर्तन को व्यक्त करती है।

## कुछ परिभाषायें (Some Definitions)

(1) **ऊष्मागतिक तंत्र**

(i) यह अधिक संख्या में परमाणुओं या अणुओं का समूह है।

(ii) यह निश्चित सीमाओं से घिरा होता है।

(iii) निकाय के बाहर वह स्थान जो निकाय से ऊष्मा या द्रव्यमान या दोनों का आदान-प्रदान करता है, परिवेश कहलाता है।




Fig. 14.1

(iv) ऊष्मागतिकी तंत्र तीन प्रकार का हो सकता है

(a) खुला तंत्र : यह परिवेश के साथ द्रव्य और ऊर्जा दोनों का विनिमय करते हैं।

(b) बंद तंत्र : यह परिवेश के साथ केवल ऊर्जा (द्रव्य नहीं) का विनिमय करता है।

(c) विलगित तंत्र : यह परिवेश के साथ न तो ऊर्जा का, न ही द्रव्य का विनिमय करता है।

(3) **ऊष्मागतिक चर एवं अवस्था निकाय समीकरण** :एक ऊष्मागतिक निकाय को उसके विशिष्ट दाब, आयतन, ताप, आंतरिक ऊर्जा और मोलों की संख्या द्वारा व्यक्त कर सकतें हैं। ये स्थिर राशियाँ ऊष्मागतिक चर कहलाती है। निकाय के ऊष्मागतिक चरों ($P$, $V$, $T$) के बीच संबंध को अवस्था का समीकरण कहते हैं।

एक आदर्श गैस के $\mu$ मोलों के लिये अवस्था समीकरण है $PV = \mu RT$ एवं आदर्श गैस के 1 मोल के लिये $PV = RT$

(4) **ऊष्मागतिक साम्य** : जब ऊष्मागतिक चर स्थिर मान को प्राप्त करते हैं (अर्थात वे समय पर निर्भर नहीं है) तो निकाय को ऊष्मागतिक साम्य की अवस्था में कहा जाता है। ऊष्मागतिकी साम्य में उपस्थित निकाय के लिये निम्नलिखित परिस्थितियाँ परिपूर्ण होनी चाहिए।

(i) यांत्रिक साम्य : निकाय और उसके परिवेश के बीच कोई असंतुलित बल नहीं लगना चाहिये ।

(ii) ऊष्मीय साम्य : निकाय के सभी भागों एवं परिवेश का ताप एक समान होना चाहिये ।

(iii) रासायनिक साम्य : पूरे निकाय एवं परिवेश में समान रासायनिक संगठन होना चाहिये ।

(5) **ऊष्मागतिक प्रक्रम** : निकाय की अवस्था के परिवर्तन की प्रक्रिया जिसमें निकाय के ऊष्मागतिक चर जैसे दाब ($P$), आयतन ($V$) तथा ताप ($T$) का परिवर्तन शामिल है, इस प्रक्रम को ऊष्मागतिकी प्रक्रम कहते हैं। कुछ प्रमुख प्रक्रम इस प्रकार हैं :

(i) समतापीय प्रक्रम : तापक्रम नियत रहता है।

(ii) रुद्धोष्म प्रक्रम : ऊष्मा का आदान-प्रदान नहीं होता।

(iii) समदाबीय प्रक्रम : दाब नियत रहता है।

(iv) समआयतनिक प्रक्रम : आयतन नियत रहता है।

(v) चक्रीय एवं अचक्रीय प्रक्रम : चक्रीय प्रक्रम में प्रारम्भिक एवं अंतिम अवस्थायें समान रहती हैं, किन्तु अचक्रीय प्रक्रम में ये अवस्थायें अलग-अलग होती है।

(vi) उत्क्रमणीय एवं अनुत्क्रमणीय प्रक्रम

(3) **सूचक आरेख :** जब भी एक गैस की अवस्था $(P, V, T)$ बदलती है, हम कहते हैं कि गैसीय निकाय ऊष्मागतिक प्रक्रम से गुजर रहा है। ऊष्मागतिक प्रक्रम में गैस की अवस्था परिवर्तन का ग्राफीय निरुपण सूचक आरेख कहलाता है। सामान्यः सूचक आरेख गैस के दाब और आयतन के मध्य खींचा जाता है।

## ऊष्मागतिकी का शून्यवाँ नियम
**(Zeroth Law of Thermodynamics)**

यदि दो निकाय $A$ एवं $B$ किसी तीसरे निकाय $C$ के साथ ऊष्मीय साम्य में हों, तो $A$ एवं $B$ भी एक दूसरे के साथ ऊष्मीय साम्य में होंगे।




Fig. 14.3

(1) शून्यवां नियम ताप की अवधारणा को व्यक्त करता है। ऊष्मीय साम्यावस्था में सभी वस्तुओं का एक गुण समान होना चाहिए इस गुण को ताप कहते है।

(2) शून्यवां नियम ऊष्मागतिकी के प्रथम एवं द्वितीय नियम की खोज के बहुत समय पश्चात प्रकाश में आया। परन्तु ताप की धारणा इन दो नियमों के लिये आवश्यक थी । अतः वह नियम जो ताप की धारणा को व्यक्त करता है, इन दोनों नियमों के पहले रखा जाना चाहिये इसलिये इसे शून्यवाँ नियम कहते हैं।

## ऊष्मागतिकी के प्रथम नियम से संबंधित भौतिक राशियाँ
**(Heat, Internal Energy and Work in Thermodynamics)**

(1) **ऊष्मा ($\Delta Q$) :** वह ऊर्जा जो निकाय एवं उसके परिवेश के बीच तापान्तर होने के कारण स्थानांरित होती है, ऊष्मा कहलाती है।

(i) ऊष्मा एक पथ निर्भर राशि है उदाहरण : दी हुई गैस के स्थिर दाब पर ताप परिवर्तन के लिये आवश्यक ऊष्मा, स्थिर आयतन पर समान मात्रा के द्वारा समान गैस के ताप परिवर्तन के लिये आवश्यक ऊष्मा से भिन्न होती है।

(ii) गैसों के लिये जब ऊष्मा अवशोषित होती है एवं तापक्रम बदलता है $\Rightarrow \Delta Q = \mu C \Delta T$

स्थिर दाब के लिये $(\Delta Q)_P = \mu C_P \Delta T$

स्थिर आयतन के लिये $(\Delta Q)_V = \mu C_V \Delta T$

(3) **आंतरिक ऊर्जा ($U$) :** आण्विक गति एवं आण्विक विन्यास के कारण निकाय के द्वारा प्राप्त ऊर्जा निकाय की आंतरिक ऊर्जा है।

आण्विक गति के कारण उत्पन्न होने वाली ऊर्जा आतंरिक गतिज ऊर्जा $U_K$ कहलाती है और आण्विक विन्यास के कारण होने वाली ऊर्जा आंतरिक स्थितिज ऊर्जा $U_P$ कहलाती है। अर्थात् कुल आंतरिक ऊर्जा $U = U_K + U_P$

(i) एक आदर्श गैस के लिये, कोई आण्विक आकर्षण नहीं होता है $U_p = 0$

अर्थात् एक आदर्श गैस की आंतरिक ऊर्जा पूर्ण गतिज होती है और $U = U_K = \frac{3}{2}\mu RT$ इसी प्रकार आंतरिक ऊर्जा में परिवर्तन $\Delta U = \frac{3}{2}\mu R\,\Delta T$

(ii) गैसों के लिये किसी भी प्रक्रम में

$$\Delta U = \mu \frac{f}{2} R\Delta T = \mu C_V \Delta T = \mu \frac{R}{(\gamma - 1)}\Delta T = \frac{\mu R(T_f - T_i)}{\gamma - 1}$$

$$= \frac{\mu RT_f - \mu RT_i}{\gamma - 1} = \frac{(P_f V_f - P_i V_i)}{\gamma - 1}$$

(iii) आंतरिक ऊर्जा में परिवर्तन प्रक्रम के पथ पर निर्भर नहीं होता है। इसलिये इसे बिन्दु फलन कहते हैं अर्थात् यह सिर्फ निकाय की आरंभिक और अंतिम अवस्था पर निर्भर होता है, अर्थात् $\Delta U = U_f - U_i$

(2) **कार्य ($\Delta W$) :** यदि चलित पिस्टन युक्त बेलन में कोई गैस भरी हो एवं




Fig. 14.4

यदि बेलन में उपस्थित गैस की दाब $P$ है तब पिस्टन पर गैस के द्वारा आरोपित बल $F = PA$ ($A$ = पिस्टन के अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल)

पिस्टन के सूक्ष्म विस्थापन $dx$ के लिए, गैस द्वारा किया गया कार्य $dW = F.dx = P(A\,dx) = P\,dV$

आयतन $v_i$ से $v_f$ तक एक निश्चित परिवर्तन के लिये

$\therefore$ किये गये कार्य की कुल मात्रा $W = \int_{Vi}^{V_f} P\,dV = P(V_f - V_i)$

(i) $P$-$V$ आरेख या सूचक आरेख में, $P$-$V$ वक्र से घिरा क्षेत्रफल किया गया कार्य दर्शाता है।




कार्य = क्षेत्रफल = $P(V_2 - V_1)$

Fig. 14.5




कार्य $= \int_{V_1}^{V_2} PdV = P(V_2 - V_1)$

Fig. 14.6




Fig. 14.7

कार्य = 0




कार्य = समलम्ब चतुर्भज का क्षेत्रफल

$$= \frac{1}{2}(P_1 + P_2)(V_2 - V_1)$$

Fig. 14.8

(ii) $\Delta W = P\Delta V = P(V_f - V_i)$ से

कुछ बाह्य बलों के कारण निकाय प्रसारित होता है। $V_f > V_i$

$\Rightarrow$ $\Delta W$ = धनात्मक

परिवेश के द्वारा आरोपित कुछ बाह्य बलों के कारण निकाय संपीड़ित होता है। $V_f < V_i$

$\Rightarrow$ $\Delta W$ = ऋणात्मक




Fig. 14.9

(iii) ऊष्मा के समान कार्य भी निकाय की प्रारम्भिक और अंतिम अवस्था एवं प्रक्रम के लिये चुने गये पथ पर निर्भर करता है।




$\because$ $A_1 < A_2 \Rightarrow W_1 < W_2$

Fig. 14.10

(iv) चक्रीय प्रक्रम में, बंद वक्र का क्षेत्रफल कार्य के तुल्य होता है। यदि वक्र का अनुरेखण (Tracing) दक्षिणावर्त (Clackwise) है तो कार्य धनात्मक होता है और यदि अनुरेखण वामावर्त है तो कर्ा ऋणात्मक होगा।




कार्य = त्रिभुज $ABC$ का क्षेत्रफल

$$= \frac{1}{2} \times (V_2 - V_1) \times (P_2 - P_1)$$

Fig. 14.11




कार्य = चतुर्भुज $ABCD$ का क्षेत्रफल

Fig. 14.12

= $AB \times AD$

= $(V_2 - V_1)(P_2 - P_1)$




कार्य = $\frac{\pi}{4}(P_2 - P_1)(V_2 - V_1)$

Fig. 14.13

## ऊष्मागतिकी का प्रथम नियम

### (First Law of Thermodynamics (FLOT))

(1) यह ऊष्मागतिकीय प्रक्रम में ऊर्जा के संरक्षण का कथन है।

(2) इसके अनुसार, निकाय को दी गयी ऊष्मा ($\Delta Q$) परिवेश के विरुद्ध निकाय के द्वारा किये गये कार्य ($\Delta W$) और आंतरिक ऊर्जा ($\Delta U$) में वृद्धि के योग के बराबर होती है।

$$\Delta Q = \Delta U + \Delta W$$

(3) यह कार्य और ऊष्मा के बीच कोई अंतर नहीं बताता इसके अनुसार निकाय की आंतरिक ऊर्जा (इसलिए तापमान) या तो ऊष्मा देकर या इस पर कार्य करके या दोनों के द्वारा बढ़ायी जा सकती है।

(4) $\Delta Q$ और $\Delta W$ पथ फलन है किन्तु $\Delta U$ बिन्दु फलन है।

(5) ऊपर दिये गये समीकरण में तीनों राशियाँ $\Delta Q$, $\Delta U$ और $\Delta W$ जूल में या कैलोरी में व्यक्त की जानी चाहिए।

(6) जिस प्रकार ऊष्मागतिकी का शून्यवां नियम ताप की धारणा को प्रस्तावित करता है उसी प्रकार प्रथम नियम आंतरिक ऊर्जा की धारणा को प्रस्तावित करता है।

(7) सीमायें : ऊष्मागतिकी का प्रथम नियम ऊष्मा स्थानांतरण की दिशा को नहीं दर्शाता है। यह उन स्थितियों के बारे में कुछ नहीं बताता है जिनमें ऊष्मा कार्य में परिवर्तित हो सकती है और यह भी नहीं बताता कि सम्पूर्ण ऊष्मा ऊर्जा, यांत्रिक कार्य में सतत् परिवर्तित क्यों नहीं हो सकती है।

**Table 14.1 : ऊष्मागतिकी में महत्वपूर्ण चिन्ह परिपाटी**

| राशि | चिन्ह | स्थिति |
|---|---|---|
| $\Delta Q$ | + | जब निकाय को ऊष्मा दी जाती है |
| | – | जब निकाय से ऊष्मा ली जाती है |
| $\Delta W$ | + | जब गैस के द्वारा कार्य किया जाता है (प्रसार) |
| | – | जब गैस पर कार्य किया जाता है (संकुचन) |
| $\Delta U$ | + | जब ताप बढ़ता है, आंतरिक ऊर्जा बढ़ती है |
| | – | जब ताप घटता है, आंतरिक ऊर्जा घटती है |

## समदाबीय प्रक्रम (Isobaric Process)

जब कोई ऊष्मागतिक निकाय इस प्रकार परिवर्तित होता है कि दाब स्थिर रहे, तो प्रक्रम समदाबीय प्रक्रम कहलाता है।

(1) **अवस्था का समीकरण :** इस प्रक्रम में $V$ एवं $T$ परिवर्तित होते हैं किन्तु $P$ स्थिर रहता है। इसलिये इस प्रक्रम में चार्ल्स के नियम का पालन होता है।

अतः यदि दाब नियत हो तब $V \propto T \Rightarrow \frac{V_1}{T_1} = \frac{V_2}{T_2}$

(2) **सूचक आरेख :** ग्राफ 1 समदाबीय प्रसार को एवं ग्राफ 2 समदाबीय संपीड़न को व्यक्त करता है।




(A) प्रसार (B) संपीड़न

Fig. 14.14

(i) समदाबीय प्रसार में (गर्म करने के दौरान)

ताप ⟶ बढता है अतः $\Delta U$ धनात्मक

आयतन ⟶ बढ़ता है अतः $\Delta W$ धनात्मक

ऊष्मा ⟶ निकाय को दी जाती है अतः $\Delta Q$ धनात्मक

(ii) समदाबीय संपीडन में (ठण्डा हाने के दौरान)

ताप ⟶ घटता है अतः $\Delta U$ ऋणात्मक

आयतन ⟶ घटता है अतः $\Delta W$ ऋणात्मक

ऊष्मा ⟶ निकाय से बाहर आती है अतः $\Delta Q$ ऋणात्मक

(3) **विशिष्ट ऊष्मा :** समदाबीय प्रक्रम में गैस की विशिष्ट ऊष्मा अनंत होती है। $C_P = \left(\frac{f}{2}+1\right)R$

(4) **आयतन प्रत्यास्थता का दृढ़ता गुणांक :** $K = \frac{\Delta P}{\frac{-\Delta V}{V}} = 0$

[यहाँ $\Delta P = 0$]

(5) **समदाबीय प्रक्रम में किया गया कार्य**

$$\Delta W = \int_{V_i}^{V_f} P\,dV = P\int_{V_i}^{V_f} dV = P[V_f - V_i] \quad \text{[यहाँ } P = \text{नियतांक]}$$

$$\Rightarrow \Delta W = P(V_f - V_i) = \mu R[T_f - T_i] = \mu R\,\Delta T$$

(6) **समदाबीय प्रक्रम में (ऊष्मागतिकी के प्रथम नियम से)**

$\Delta Q = \Delta U + \Delta W$ से,

$$\because \Delta U = \mu C_V\,\Delta T = \mu \frac{R}{(\gamma-1)}\Delta T \text{ एवं } \Delta W = \mu R\,\Delta T$$

$$\Rightarrow (\Delta Q)_P = \mu \frac{R}{(\gamma-1)}\Delta T + \mu R\,\Delta T = \mu\left(\frac{\gamma}{\gamma-1}\right)R\,\Delta T = \mu C_P\,\Delta T$$

(7) **समदाबीय प्रक्रम के उदाहरण :** नियत ताप एवं दाब पर होने वाले सभी अवस्था परिवर्तन

जल का उबलना

(i) जल ⟶ वाष्प

(ii) तापक्रम ⟶ नियत

(iii) आयतन ⟶ बढ़ता है




Fig. 14.15

(iv) दी गई ऊष्मा का एक भाग बाहरी दाब के विरुद्ध आयतन परिवर्तन में व्यय होता है एवं बचा हुआ भाग गैस की आंतरिक ऊर्जा में वृद्धि करता है। (गतिज ऊर्जा अपरिवर्तित रहती है)

(v) ऊष्मागतिकी के प्रथम नियम से, $\Delta Q = \Delta U + \Delta W \Rightarrow mL = \Delta U + P(V_f - V_i)$

जल का जमना

(i) जल ⟶ बर्फ

(ii) तापक्रम ⟶ नियत

(iii) आयतन ⟶ बढ़ता है




Fig. 14.16

(iv) ऊष्मा जल से ही ली जाती है एवं इसका उपयोग बाह्य वायुमण्डलीय दाब के विरुद्ध कार्य करने में होता है एवं आंतरिक स्थितिज ऊर्जा घट जाती है।

(v) ऊष्मागतिकी के प्रथम नियम से, $\Delta Q = \Delta U + \Delta W \Rightarrow -mL = \Delta U + P(V_f - V_i)$

## समआयतनिक प्रक्रम (Isochoric or Isometric Process)

जब किसी ऊष्मागतिक प्रक्रम में इस प्रकार परिवर्तन हो कि आयतन नियत रहे तो इस प्रक्रम को समआयतनिक प्रक्रम कहते हैं।

(1) **अवस्था समीकरण:** इस प्रक्रम में $P$ और $T$ परिवर्तित होते है किन्तु $V$ = स्थिर। इस प्रक्रम में गे-लूसाक के नियम का पालन होता है। $P \propto T$ $\Rightarrow \frac{P_1}{T_1} = \frac{P_2}{T_2}$ = नियतांक

(2) **सूचक आरेख :** ग्राफ 1 एवं 2 क्रमशः $V_1$ एवं $V_2$ आयतनों पर समआयतनिक दाब वृद्धि को व्यक्त करते हैं। एवं सूचक आरेख की प्रवणता $\frac{dP}{dV} = \infty$

(i) समआयतनिक तापवृद्धि

(a) दाब ⟶ बढ़ता है

(b) ताप ⟶ बढ़ता है

(c) $\Delta Q$ ⟶ धनात्मक

(d) $\Delta U$ ⟶ धनात्मक

(ii) समआयतनिक ताप में कमी

(a) दाब ⟶ घटता है

(b) ताप ⟶ घटता है

(c) $\Delta Q$ ⟶ ऋणात्मक

(d) $\Delta U$ ⟶ ऋणात्मक




Fig. 14.17

(3) **विशिष्ट ऊष्मा** : रुद्धोष्म परिवर्तन के दौरान गैस की विशिष्ट ऊष्मा $C_V = \frac{f}{2}R$

(4) **आयतन प्रत्यास्थता गुणांक**: $K = \frac{\Delta P}{\frac{-\Delta V}{V}} = \frac{\Delta P}{0} = \infty$

(5) **रुद्धोष्म प्रक्रम में किया गया कार्य**

$\Delta W = P\Delta V = P[V_f - V_i] = 0$ [$V$ = नियतांक]

(6) **रुद्धोष्म प्रक्रम में (ऊष्मागतिकी के प्रथम नियम से)** : $\Delta Q = \Delta U + \Delta W$ से,

$$\because \Delta W = 0 \Rightarrow (\Delta Q)_V = \Delta U = \mu C_V \Delta T = \mu \frac{R}{\gamma - 1}\Delta T = \frac{P_f V_f - P_i V_i}{\gamma - 1}$$

## समतापीय प्रक्रम (Isothermal Process)

जब किसी ऊष्मागतिक निकाय में कोई भौतिक परिवर्तन इस प्रकार किया जाता है कि इसका तापमान स्थिर रहे, तो परिवर्तन समतापीय परिवर्तन कहलाता है।

(1) ) **समतापीय प्रक्रम के लिए आवश्यक परिस्थितियाँ**

(i) गैस और उसके परिवेश के बीच ऊष्मा के मुक्त विनिमय के लिए बर्तन की दीवारें पूर्ण चालक होनी चाहिए।

(ii) ऊष्मा के विनिमय को समय प्रदान करने के लिए संपीडन या प्रसार का प्रक्रम बहुत धीमे होना चाहिए।

चूँकि ये दोनों परिस्थितियाँ प्रायोगिक रूप से प्राप्त नहीं की जा सकती इसलिए कोई प्रक्रम पूर्णतः समतापीय नहीं होता।

(2) **अवस्था समीकरण** : यदि ताप स्थिर रहता है तो $PV$= स्थिरांक अर्थात् सभी समतापीय प्रक्रम में बॉयल के नियम का पालन होता है।

इसलिए अवस्था का समीकरण $PV$ = स्थिरांक

$\Rightarrow P_iV_i = P_fV_f$

(3) **समतापीय प्रक्रम के उदाहरण** : गलन प्रक्रम ($0°C$ स्थिर ताप पर बर्फ पिघलती है) क्वथन प्रक्रम ($100°C$ स्थिर ताप पर जल उबलता है)

(4) **सूचक आरेख**: $PV$ = नियतांक से $P$ एवं $V$ के मध्य ग्राफ एक आयताकार अतिपरवलय होगा। विभिन्न तापक्रमों पर खींचे गये ग्राफ एक-दूसरे के समान्तर होते हैं व समतापीय वक्र समूह कहलाते हैं।

$T_1 < T_2 < T_3$

दो समतापीय वक्र एक दूसरे को नहीं काटते




Fig. 14.18

(i) समतापीय वक्र की ढाल : समीकरण $PV$ = स्थिरांक का अवकलन करने पर

$P\,dV + V\,dP = 0$

$\Rightarrow PdV = -VdP$




Fig. 14.19

$\Rightarrow$ ढाल $= \tan\theta = \frac{dP}{dV} = -\frac{P}{V}$

(ii) $PV$ ग्राफ व आयतन अक्ष के बीच घिरा क्षेत्रफल समतापीय प्रक्रम में किया गया कार्य प्रदर्शित करता है।

यदि आयतन बढ़ता है तो $\Delta W = +$ वक्र से घिरा क्षेत्रफल और यदि आयतन घटता है तो $\Delta W = -$ वक्र से घिरा क्षेत्रफल

(5) **विशिष्ट ऊष्मा** : समतापीय प्रक्रम के दौरान गैस की विशिष्ट ऊष्मा $C = \frac{Q}{m\Delta T} = \frac{Q}{m \times 0} = \infty$ [चूँकि $\Delta T = 0$]

(6) **समतापीय प्रत्यास्थता ($E_\theta$)** : समतापीय प्रक्रम के लिए $PV$ = स्थिर

$$\Rightarrow P\,dV = -V\,dP \Rightarrow P = \frac{dP}{-dV/V} = \frac{\text{प्रतिबल}}{\text{विकृति}} = E_\theta$$

$\Rightarrow E_\theta = P$ अर्थात् समतापीय प्रत्यास्थता दाब के बराबर होती है।

N.T.P. पर, $E_\theta$ = वायुमण्डलीय दाब = $1.01 \times 10^5\ N/m^2$

(7) **समतापीय प्रक्रम में किया गया कार्य**

$$W = \int_{V_i}^{V_f} P\,dV = \int_{V_i}^{V_f} \frac{\mu RT}{V} dV \qquad [\text{चूँकि } PV = \mu RT]$$

$$W = \mu RT \log_e\left(\frac{V_f}{V_i}\right) = 2.303\ \mu RT \log_{10}\left(\frac{V_f}{V_i}\right)$$

या $$W = \mu RT \log_e\left(\frac{P_i}{P_f}\right) = 2.303\,\mu RT \log_{10}\left(\frac{P_i}{P_f}\right)$$

(8) **समतापीय प्रक्रम में (ऊष्मागतिकी के प्रथम नियम से)** $\Delta Q = \Delta U + \Delta W$

$\because \Delta U = 0$ [चूँकि $\Delta T = 0$] $\Rightarrow \Delta Q = \Delta W$

अर्थात् समतापीय परिवर्तन में दी गयी ऊष्मा का उपयोग बाहरी परिवेश के विरुद्ध कार्य करने में होता है। यदि निकाय पर कार्य किया जाये तो निकाय के द्वारा समान मात्रा की ऊष्मा उत्सर्जित होगी।

## रुद्धोष्म प्रक्रम (Adiabatic Process)

जब किसी ऊष्मागतिक निकाय में इस प्रकार परिवर्तन होता है कि इसके और परिवेश के बीच ऊष्मा का कोई विनिमय नहीं हो तो इस प्रक्रम को रुद्धोष्म प्रक्रम कहते हैं।

इस प्रक्रम में $P$, $V$ एवं $T$ परिवर्तित होते है किन्तु $\Delta Q = 0$

(1) **रुद्धोष्म प्रक्रम के लिये आवश्यक परिस्थितियाँ**

(i) निकाय और इसके परिवेश के बीच ऊष्मा का कोई विनिमय नहीं होना चाहिए। पात्र की सभी दीवारें एवं पिस्टन पूर्णतः कुचालक होने चाहिये।

(ii) निकाय को अचानक संपीड़ित या प्रसारित होना चाहिए, ताकि निकाय और इसके परिवेश के बीच ऊष्मा के विनिमय के लिये कोई समय नहीं मिले।

चूँकि ये दोनों परिस्थतियाँ पूर्ण रूप से प्रयोगिक नहीं है, इसलिये कोई प्रक्रम पूर्ण रुद्धोष्म नहीं है।

(2) **कुछ रुद्धोष्म प्रक्रम के उदाहरण**

(i) पूर्णतः ऊष्मारोधी दीवारों के बर्तन में बंद गैस में अचानक संपीडन या प्रसार

(ii) साईकिल टायर के ट्यूब का अचानक फटना

(iii) हवा और अन्य गैसों में ध्वनि तरंगों का संचरण

(iv) भाप इंजन के बेलन में भाप का प्रसार

(3) **रुद्धोष्म प्रक्रम में (ऊष्मागतिकी के प्रथम नियम से) :**

$\Delta Q = \Delta U + \Delta W$ से,

लेकिन रुद्धोष्म प्रक्रम के लिये $\Delta Q = 0 \Rightarrow \Delta U = -\Delta W$

यदि $\Delta W$ = धनात्मक तब $\Delta U$ = ऋणात्मक इसलिये ताप घटता है अर्थात् रुद्धोष्म प्रसार ठंडक उत्पन्न करता है।

यदि $\Delta W$ = ऋणात्मक तब $\Delta U$ = धनात्मक इसलिये ताप बढ़ता है अर्थात् रुदोष्म संपीडन गर्मी उत्पन्न करता है।

(4) **अवस्था समीकरण :** रुद्धोष्म परिवर्तन की स्थिति में

$PV^{\gamma}$ = **नियतांक**; यहाँ $\gamma = \frac{C_P}{C_V}$

(i) तापक्रम एवं आयतन के लिए

$TV^{\gamma-1}$ = नियत $\Rightarrow T_1V_1^{\gamma-1} = T_2V_2^{\gamma-1}$ या $T \propto V^{1-\gamma}$

(ii) तापक्रम एवं दाब के लिए

$\frac{T^{\gamma}}{P^{\gamma-1}}$ = नियत $\Rightarrow T_1^{\gamma}P_1^{1-\gamma} = T_2^{\gamma}P_2^{1-\gamma}$ या $T \propto P^{\frac{\gamma-1}{\gamma}}$ या $P \propto T^{\frac{\gamma}{\gamma-1}}$

**Table 14.2 : रुद्धोष्म प्रक्रम की विशिष्ट स्थितियाँ**

| गैस के प्रकार | $P \propto \frac{1}{V^{\gamma}}$ | $P \propto T^{\frac{\gamma}{\gamma-1}}$ | $T \propto \frac{1}{V^{\gamma-1}}$ |
|---|---|---|---|
| एकपरमाण्विक $\gamma$ = 5/3 | $P \propto \frac{1}{V^{5/3}}$ | $P \propto T^{5/2}$ | $T \propto \frac{1}{V^{2/3}}$ |
| द्विपरमाण्विक $\gamma$ = 7/5 | $P \propto \frac{1}{V^{7/5}}$ | $P \propto T^{7/2}$ | $T \propto \frac{1}{V^{2/5}}$ |
| बहुपरमाण्विक $\gamma$ = 4/3 | $P \propto \frac{1}{V^{4/3}}$ | $P \propto T^{4}$ | $T \propto \frac{1}{V^{1/3}}$ |

(5) **सूचक आरेख**

(i) $PV$ ग्राफ पर प्राप्त वक्र रुद्धोष्म वक्र कहलाते है।

(ii) रुद्धोष्म वक्र का ढाल : $PV^{\gamma}$ = स्थिरांक से अवकलन करने पर

$$dP\, V^{\gamma} + P\gamma V^{\gamma-1}\, dV = 0$$

$$\frac{dP}{dV} = -\gamma \frac{PV^{\gamma-1}}{V^{\gamma}} = -\gamma\left(\frac{P}{V}\right)$$



Fig. 14.20

$\therefore$ रुद्धोष्म वक्र का ढाल $\tan\phi = -\gamma\left(\frac{P}{V}\right)$

(iii) लेकिन हम यह भी जानते हैं कि समतापीय वक्र का ढाल $\tan\theta = \frac{-P}{V}$

इसलिये $\frac{\text{रुद्धोष्म वक्र का ढाल}}{\text{समतापीय वक्र का ढाल}} = \frac{-\gamma(P/V)}{-(P/V)} = \gamma = \frac{C_p}{C_v} > 1$

(6) **विशिष्ट ऊष्मा :** रुद्धोष्म परिवर्तन के दौरान गैस की विशिष्ट ऊष्मा शून्य होती है। $C = \frac{Q}{m\Delta T} = \frac{0}{m\Delta T} = 0$ [चूँकि $Q = 0$]

(7) **रुद्धोष्म प्रत्यास्थता ($E_{\phi}$) :** $PV^{\gamma}$ = स्थिरांक

दोनों तरफ अवकलन करने पर $V^{\gamma}dP + P\gamma V^{\gamma-1}dV = 0$

$$\gamma P = \frac{dP}{-dV/V} = \frac{\text{प्रतिबल}}{\text{विकृति}} = E_{\phi} \Rightarrow E_{\phi} = \gamma P$$

अर्थात् रुद्धोष्म प्रत्यास्थता दाब की $\gamma$ गुनी है

समतापीय प्रत्यास्थता $E_{\theta} = P \Rightarrow \frac{E_{\phi}}{E_{\theta}} = \gamma = \frac{C_P}{C_V}$

अर्थात् गैसों की दो प्रत्यास्थाओं का अनुपात उसकी दो विशिष्ट ऊष्माओं के अनुपात के बराबर होता है।

(8) **रुद्धोष्म प्रक्रम में किया गया कार्य**

$$W = \int_{V_i}^{V_f} P\, dV = \int_{V_i}^{V_f} \frac{K}{V^{\gamma}} dV \Rightarrow W = \frac{[P_iV_i - P_fV_f]}{(\gamma-1)} = \frac{\mu R(T_i - T_f)}{(\gamma-1)}$$

(चूँकि $PV^{\gamma} = K$, $P_fV_f = \mu RT_f$ एवं $P_iV_i = \mu RT_i$)

(i) $W \propto$ गैस की मात्रा ($M$ या $\mu$)

(ii) $W \propto$ तापान्तर ($T_i - T_f$)

(iii) $W \propto \frac{1}{\gamma-1}$ $\because \gamma_{mono} > \gamma_{di} > \gamma_{tri} \Rightarrow W_{mono} < W_{dia} < W_{tri}$

(9) **समतापीय और रुद्धोष्म प्रक्रम में सूचक आरेखों की तुलना :** सदैव ध्यान रखें कि रुद्धोष्म वक्र समतापीय वक्रों की तुलना में अधिक खड़े (More stepper) होते हैं।

(i) **प्रसार :** यदि गैस आयतन $V_i$ से $V_f$ तक समतापीय और रूद्धोष्म प्रसारित होती है तो ग्राफ के ढाल से यह स्पष्ट है कि ग्राफ 1 समतापीय प्रक्रम जबकि ग्राफ 2 रुद्धोष्म प्रक्रम प्रदर्शित करता है।

$W_{\text{समतापीय}} > W_{\text{रुद्धोष्म}}$

$P_{\text{समतापीय}} > P_{\text{रुद्धोष्म}}$

$T_{\text{समतापीय}} > T_{\text{रुद्धोष्म}}$

$(\text{ढाल})_{\text{समतापीय}} < (\text{ढाल})_{\text{रुद्धोष्म}}$



Fig. 14.21

(ii) **संपीडन :** यदि एक गैस आयतन $V_i$ से $V_f$ तक समतापीय और रुद्धोष्म संपीडित होती है तो ग्राफ के ढाल से यह स्पष्ट है कि ग्राफ 1 रुद्धोष्म प्रक्रम जबकि ग्राफ 2 समतापीय प्रक्रम प्रदर्शित करता है।

$W_{\text{रुद्धोष्म}} > W_{\text{समतापीय}}$

$P_{\text{रुद्धोष्म}} > P_{\text{समतापीय}}$

$T_{\text{रुद्धोष्म}} > T_{\text{समतापीय}}$

$(\text{ढाल})_{\text{समतापीय}} < (\text{ढाल})_{\text{रुद्धोष्म}}$



Fig. 14.22

(10) **मुक्त प्रसार :** मुक्त प्रसार रुद्धोष्म प्रक्रम है जिसमें निकाय पर या निकाय के द्वारा कोई कार्य नहीं होता। माना कि दो बर्तन निकाय में रखे है जो कि ऊष्मीय प्रतिरोधक के द्वारा बंद है (एस्बेस्टस द्वारा ढ़के हुए)। एक बर्तन में गैस है और दूसरा खाली है। दोनों बर्तन स्टॉपकॉक द्वारा जुड़े हुए है। अचानक स्टॉपकॉक खोला जाता है तो गैस खुले बर्तन में प्रवेश करती है और मुक्त रूप से प्रसारित हो जाती है।



Fig. 14.23

$\Delta W = 0$ (क्योंकि दीवारें दृढ़ हैं)

$\Delta Q = 0$ (क्योंकि दीवारें कुचालक हैं)

$\Delta U = U_f - U_i = 0$ (क्योंकि $\Delta Q$ एवं $\Delta W$ शून्य हैं), अतः मुक्त प्रसार में प्रारम्भिक और अन्तिम ऊर्जाएँ समान होंगी।

## चक्रीय एवं अचक्रीय प्रक्रम
**(Cyclic and Noncyclic Process)**

चक्रीय प्रक्रम में निकाय विभिन्न परिवर्तनों से गुजरता हुआ अपनी प्रारम्भिक अवस्था में लौटता है।

जबकि अचक्रीय प्रक्रम में वह प्रारंभिक अवस्था में नहीं लौटता है।

(1) चक्रीय प्रक्रम की स्थिति में $U_f = U_i \Rightarrow \Delta U = U_f - U_i = 0$

अर्थात् चक्रीय प्रक्रम के लिये आंतरिक ऊर्जा में परिवर्तन शून्य है तथा $\Delta U \propto \Delta T \Rightarrow \Delta T = 0$ अर्थात् निकाय का तापमान स्थिर रहता है

(2) ऊष्मागतिकी के प्रथम नियम से $\Delta Q = \Delta U + \Delta W \Rightarrow \Delta Q = \Delta W$

अर्थात् दी गई ऊष्मा निकाय के द्वारा किये गये कार्य के बराबर होती है

(3) चक्रीय प्रक्रम के लिये $P$-$V$ ग्राफ एक बंद वक्र है और बंद वक्र द्वारा घिरा क्षेत्रफल किया गया कार्य प्रदर्शित करता है।

यदि चक्र दक्षिणावर्त है तो किया गया कार्य धनात्मक है एवं यदि चक्र वामावर्त है तो किया गया कार्य ऋणात्मक है।




(A) (B)

Fig. 14.24

(4) अचक्रीय प्रक्रम में किया गया कार्य चुने हुए पथ या परिवर्तनों की श्रृंखला पर निर्भर करता है और $PV$ आरेख पर आयतन अक्ष और वक्र के बीच घिरे हुए क्षेत्रफल द्वारा परिकलित किया जा सकता है।




$W_{ABC}$ = + छायांकित क्षेत्रफल  $W_{ABCD}$ = – छायांकित क्षेत्रफल

(A) (B)

Fig. 14.25

## क्वासी स्थैतिक प्रक्रम (Quasi Static Process)

जब कोई निकाय किसी प्रक्रम से गुजरता है। तो इसकी अवस्था बदलती है। माना किसी निकाय की प्रारम्भिक अवस्था $P_1, V_1, T_1$ एवं अंतिम अवस्था $P_2, V_2, T_2$ द्वारा व्यक्त होती है। यदि प्रक्रम ऐसा हो कि प्रक्रम के दौरान किसी भी क्षण निकाय ऊष्मागतिक साम्य के अत्यंत नजदीक हो तो प्रक्रम क्वासी स्थैतिक प्रक्रम कहलाता है। इसका तात्पर्य है कि ऐसे प्रक्रम में राशियाँ $P$, $V$, $T$ के अद्वितीय रूप में किसी भी क्षण व्यक्त कर सकते हैं।

वास्तविक प्रक्रम क्वासी स्थैतिक नहीं होते। पात्र में दाब बदलने के लिये पिस्टन को अंदर की ओर चलाया जा सकता है। पिस्टन की गति के दौरान सभी जगह गैस का दाब असमान हो सकता है। जबकि पिस्टन को अत्यंत धीमें चलाकर प्रक्रम को क्वासी स्थैतिक के नजदीक लाया जा सकता है। अतः क्वासी स्थैतिक प्रक्रम एवं आदर्श प्रक्रम ही जिसमें सभी परिवर्तन अत्यंत धीमे होते हैं।

## उत्क्रमणीय तथा अनुत्क्रमणीय प्रक्रम
**(Reversible and Irreversible Process)**

(1) **उत्क्रमणीय प्रक्रम :** उत्क्रमणीय प्रक्रम वह प्रक्रम है जो इस तरह उत्क्रमणित होता है कि सीधे प्रक्रम में पाये जाने वाले सभी परिवर्तन विपरीत क्रम में ठीक उसी प्रकार पुनरावृत्ति करते हैं जैसे सीधे प्रक्रम में सम्पादित हुए थे एवं प्रक्रम अथवा परिवेश में भाग लेने वाले किसी भी निकाय में कोई भी परिवर्तन शेष नहीं रहे। उदाहरण के लिये यदि प्रत्यक्ष प्रक्रम में ऊष्मा अवशोषित होती है, तो उत्क्रम प्रक्रम में ऊष्मा की समान मात्रा प्राप्त होनी चाहिए, यदि प्रत्यक्ष प्रक्रम में कार्य करने वाली वस्तु पर कार्य होता है तो उत्क्रम प्रक्रम में कार्य करने वाली वस्तु द्वारा कार्य की समान मात्रा प्राप्त होनी चाहिए। उत्क्रमणता के लिये परिस्थितियाँ हैं

(i) ऊर्जा क्षयात्मक बलों जैसे घर्षण, श्यानता, वैद्युत प्रतिरोधता इत्यादि की पूर्ण अनुपस्थिति होनी चाहिए।

(ii) प्रत्यक्ष एव उत्क्रम प्रक्रम बहुत धीमे-धीमे सम्पन्न होना चाहिए।

(iii) निकाय का ताप इसके परिवेश से अधिक भिन्न नहीं होना चाहिए।

उत्क्रमणीय प्रक्रम के कुछ उदाहरण :

(a) सभी समतापीय और रुद्धोष्म परिवर्तन उत्क्रमणीय होते हैं यदि वे बहुत धीमे हों।

(b) जब ऊष्मा की कुछ निश्चित मात्रा बर्फ के द्वारा अवशोषित होती है तो यह पिघलती है। यदि इसमें से ऊष्मा की समान मात्रा हटा ली जाये, तो प्रत्यक्ष प्रक्रम में बना जल बर्फ में परिवर्तित हो जायेगा।

(c) बिना दोलन स्थापित किये स्प्रिंग का बहुत कम विस्तारण और संकुचन।

(d) यदि एक पूर्णतः प्रत्यास्थ बॉल एक पूर्णतः प्रत्यास्थ क्षैतिज तल पर कुछ ऊँचाई से गिरती है तो बॉल आरंभिक ऊँचाई तक उछलती है।

(e) यदि एक तापयुग्म का प्रतिरोध नगण्य है तो जूल प्रभाव के कारण कोई ऊष्मा उत्पन्न नहीं होगी। ऐसी स्थिति में ऊष्मन या शीतलन उत्क्रमणीय होते हैं। ताप युग्म में धारा प्रवाहित करने पर जिस संधि पर शीतलन उत्पन्न होता है, धारा की दिशा पलटने पर वहीं ऊष्मा उत्पन्न हो जाती है।

(f) बहुत धीमा वाष्पन या संघनन

यह याद रखना चाहिए कि उत्क्रमणीय प्रक्रम के लिये दर्शायी स्थितियाँ प्रयोगिक रूप से प्राप्त नही की जा सकती। इसलिये उत्क्रमणीय प्रक्रम केवल एक आदर्श धारणा है। वास्तव में घर्षण, चालन, विकिरण इत्यादि द्वारा हमेशा ऊष्मा की हानि होती है।

(2) **अनुत्क्रमणीय प्रक्रम :** कोई भी प्रक्रम जो उत्क्रमणीय नही है, अनुत्क्रमणीय प्रक्रम होता है। सभी प्राकृतिक प्रक्रम जैसे संघनन, विकिरण, रेडियो-सक्रिय क्षय इत्यादि अनुत्क्रमणीय है। सभी प्रायोगिक प्रक्रम जैसे

मुक्त प्रसार, जूल-थॉमसन प्रसार, तार का वैद्युत ऊष्मन भी अनुत्क्रमणीय हैं। अनुत्क्रमणीय प्रक्रम के कुछ उदाहरण नीचे दिये गये हैं

(i) जब एक स्टील बॉल एक अप्रत्यास्थ लेड सीट पर गिरती है तब घर्षण द्वारा इसकी गतिज ऊर्जा, ऊष्मा ऊर्जा में परिवर्तित होती है। ऊष्मा ऊर्जा लेड सीट का ताप बढ़ा देती है। ऊष्मा ऊर्जा का उत्क्रमणीय परिवर्तन नहीं होता है।

(ii) स्प्रिंग में अचानक संकुचन एवं प्रसार होने से इसमें दोलन उत्पन्न हो जाते हैं। इस प्रक्रिया में कुछ ऊर्जा व्यय हो जाती है। यह अनुत्क्रमणीय प्रक्रम की स्थिति है।

(iii) अचानक प्रसार या संपीडन एवं तीव्र वाष्पन या संघनन अनुत्क्रमणीय प्रक्रमों के उदाहरण है।

(iv) किसी प्रतिरोध परिपथ से प्रवाहित वैद्युत धारा से प्राप्त ऊष्मा भी अनुत्क्रमणीय है।

(v) वस्तुओं के बीच विभिन्न ताप पर ऊष्मा स्थानांतरण की अनुत्क्रमणीय है।

(vi) जूल-थॉमसन प्रभाव अनुत्क्रमणीय है क्योंकि गैस के प्रवाह में पुनरावृत्ति होने पर समान शीतलन या ऊष्मीय प्रभाव प्रेक्षित नहीं होता।

## मिश्रित ग्राफीय प्रदर्शन (Mixed Graphical Representation)

(1) *PV*-xzkQ



Fig. 14.26

1 ⟶ समदाबीय (*P*-नियत)

2 ⟶ समतापीय (क्योंकि $P \propto \frac{1}{V}$)

3 ⟶ रुद्धोष्म (क्योंकि $P \propto \frac{1}{V^\gamma}$)

4 ⟶ समआयतनी (*V*-नियत)

(2) *PT*-xzkQ



Fig. 14.27

1 ⟶ समदाबीय (*P*-नियत)

2 ⟶ समतापीय (*T*-नियत)

3 ⟶ रुद्धोष्म (क्योंकि $P \propto T^{\frac{\gamma}{\gamma-1}}$)

4 ⟶ समआयतनी ($P \propto T$)

(3) *VT*-ग्राफ



Fig. 14.28

1 ⟶ समआयतनी (*V*-नियत)

2 ⟶ रुद्धोष्म (क्योंकि $V \propto T^{\frac{1}{1-\gamma}}$)

3 ⟶ समतापीय (*T*-नियत)

4 ⟶ समदाबीय ($V \propto T$)

## ऊष्मा इंजन (Heat Engine)

ऊष्मा इंजन एक यंत्र है जो चक्रीय प्रक्रम द्वारा ऊष्मा को सतत् कार्य में परिवर्तित करता है।

ऊष्मा इंजन के आवश्यक भाग निम्न है

**स्रोत :** यह उच्च ताप एवं अनंत ऊष्मीय क्षमता पर ऊष्मा का कुंड है। इससे ऊष्मा की कितनी भी मात्रा निकाली जा सकती है।

**कार्यकारी पदार्थ :** वाष्प, पेट्रोल इत्यादि।

(3) **सिंक :** यह निम्न ताप एवं अनंत ऊष्मीय क्षमता पर ऊष्मा का कुंड है। ऊष्मा की कितनी भी मात्रा सिंक को दी जा सकती है।



Fig. 14.29

कार्यकारी पदार्थ स्रोत से $Q$ ऊष्मा अवशोषित करता है, $W$ कार्य करता है, बची हुई ऊष्मा की मात्रा सिंक को वापस करता है अपनी मूल अवस्था में वापस आता है और इसकी आंतरिक ऊर्जा में कोई परिवर्तन नही होता।

समान चक्रण को बार-बार पुनरावृत्ति पर, सतत् कार्य प्राप्त होता है।

ऊष्मा इंजन की दक्षता $\eta$ द्वारा प्रदर्शित की जाती हैं, जो कि इंजन से प्राप्त उपयोगी कार्य व इसको दी गई ऊष्मा के अनुपात के तुल्य होती है।

$$\eta = \frac{\text{किया गया कार्य}}{\text{दी गई ऊष्मा}} = \frac{W}{Q_1}$$

किन्तु चक्रीय प्रक्रम के लिये ऊष्मागतिकी के प्रथम नियम द्वारा $\Delta U = 0$

$\therefore \Delta Q = \Delta W$ इसलिये $W = Q_1 - Q_2$

$$\therefore \quad \eta = \frac{Q_1 - Q_2}{Q_1} = 1 - \frac{Q_2}{Q_1}$$

एक सम्पूर्ण ऊष्मा इंजन वह है जो पूरी ऊष्मा को कार्य में परिवर्तित करता है अर्थात् $W = Q_1$ इसलिये कि $Q_2 = 0$ और इसलिये $\eta = 1$ ।

किन्तु प्रायोगिक रूप से इंजन की दक्षता 1 से हमेशा कम होती है।

## प्रशीतक या ऊष्मा पंप (Refrigerator or Heat Pump)

एक प्रतिशीतक या ऊष्मा पंप वास्तव में एक ऊष्मा इंजन है जो विपरीत दिशा में कार्य करती है।

इसके आवश्यक तीन भाग होते है

**स्रोत :** उच्च ताप $T_1$ पर

**कार्यकारी पदार्थ :** प्रतिशीतक द्रव्य अमोनिया एवं फ्रीऑन कार्यकारी पदार्थ के रूप में कार्य करते है।

**सिंक :** निम्न ताप $T_2$ पर



Fig. 14.30

कार्यकारी पदार्थ निम्न ताप $T_2$ पर सिंक से $Q_2$ ऊष्मा लेता है, इस पर किसी बाह्य कारक द्वारा $W$ कार्य किया जाता है। तो यह $Q_1$ ऊष्मा उच्च ताप $T_1$ पर स्रोत (प्रायः वातावरण) को दे देता है। इस प्रकार बाह्य कारक द्वारा कार्य करने पर ऊष्मा ठंडी वस्तु से गर्म वस्तु तक पहुँचती है व ठंडी वस्तु और ठंडी हो जाती है।

प्रशीतक की शीतलन क्षमता को इसके कार्य गुणांक $\beta$ द्वारा व्यक्त करते है। इसे ठण्डी वस्तु से निकाली गयी ऊष्मा तथा इसके लिए किये गये कार्य के अनुपात के रूप में परिभाषित करते हैं।

अर्थात् $$\beta = \frac{\text{ठण्डी वस्तु से निकाली गयी ऊष्मा}}{\text{किया गया कार्य}} = \frac{Q_2}{W} = \frac{Q_2}{Q_1 - Q_2}$$

$$\therefore \quad \beta = \frac{Q_2}{Q_1 - Q_2}$$

एक पूर्ण प्रशीतक वह होता है जो बिना कार्य के ऊष्मा का स्थानांतरण ठंडी वस्तु से गर्म वस्तु की ओर करता है।

अर्थात् $W = 0$ इसलिये कि $Q_1 = Q_2$ और इसलिये $\beta = \infty$

(1) **कार्नो का प्रशीतक**

कार्नो के प्रशीतक के लिये $\frac{Q_1}{Q_2} = \frac{T_1}{T_2}$

$$\therefore \frac{Q_1 - Q_2}{Q_2} = \frac{T_1 - T_2}{T_2} \text{ या } \frac{Q_2}{Q_1 - Q_2} = \frac{T_2}{T_1 - T_2}$$

इसलिये कार्य गुणांक $\beta = \frac{T_2}{T_1 - T_2}$

जहाँ $T_1$ = परिवेश का तापमान, $T_2$ = ठंडी वस्तु का तापमान

यह स्पष्ट है कि $\beta = 0$ जब $T_2 = 0$

अर्थात् यदि ठंडी वस्तु का ताप परमशून्य ताप के बराबर हो तो कार्य गुणांक शून्य होगा।

(2) **प्रशीतक की दक्षता तथा कार्य गुणांक के बीच संबंध**

हम जानते है $\beta = \frac{Q_2}{Q_1 - Q_2} = \frac{Q_2 / Q_1}{1 - Q_2 / Q_1}$ ..... (i)

किन्तु दक्षता $\eta = 1 - \frac{Q_2}{Q_1}$ या $\frac{Q_2}{Q_1} = 1 - \eta$ .....(ii)

(i) एवं (ii) से हम प्राप्त करते है कि $\beta = \frac{1 - \eta}{\eta}$

## ऊष्मागतिकी का द्वितीय नियम (Second Law of Thermodynamics)

ऊष्मागतिकी का प्रथम नियम कार्य एवं ऊष्मा की तुल्यता का वर्णन करता है। यह स्पष्ट नहीं करता कि ऊष्मा सदैव उच्च ताप की वस्तुओं से निम्न ताप की वस्तुओं की ओर प्रवाहित क्यों होती है। प्रथम नियम यह बताने में भी असमर्थ है कि इसका विपरीत क्यों सम्भव नहीं है। यह भी स्पष्ट नहीं करता कि ऊष्मा इंजन की दक्षता हमेशा 1 से कम क्यों होती है। ऊष्मागतिकी का द्वितीय नियम इन सवालों के जबाब देता है। इस नियम को निम्न कथनों की सहायता से समझा जा सकता है।

(1) **क्लॉसियस का कथन :** स्वकार्यरत मशीन के लिये यह असंभव है कि वो ऊष्मा को ठंडे निकाय से गर्म निकाय की ओर बिना बाह्य कारकों की मदद के स्थानांतरित करे।

क्लॉसियस कथन से यह स्पष्ट है कि जब तक बाह्य कारक द्वारा कार्य न किया जाये तो निम्न ताप वाली वस्तु से उच्च ताप वाली वस्तु पर ऊष्मा प्रवाहित नही हो सकती। यह कथन भौतिकी की विभिन्न शाखाओं में हमारे अनुभवों पर खरा उतरता है। उदाहरण के लिये एक सुचालक से वैद्युत धारा निम्न वैद्युत विभव से उच्च विभव पर प्रवाहित नही हो सकती, जब तक कोई बाहरी कार्य न किया जाये। इसी प्रकार एक वस्तु निम्न गुरुत्वीय विभव से उच्च गुरुत्वीय विभव पर नहीं जा सकती जब तक किसी बाहरी कारक द्वारा कार्य न किया जाये।

(2) **केल्विन का कथन :** किसी पिण्ड का ताप वातावरण के ताप से कम होने पर लगातार कार्य प्राप्त करना असंभव है। यदि स्रोत और सिंक समान ताप पर हो, तो एक कार्नो इंजन कार्य नहीं कर सकता, क्योंकि इंजन द्वारा किया गया कार्य स्रोत को ठंडा एवं परिवेश को और ज्यादा गर्म करेगा।

(3) **केल्विन प्लांक का कथन :** ऐसे किसी भी इंजन का निर्माण असंभव है जो चक्रीय प्रक्रम में कार्य करते हुए स्रोत से ऊष्मा लेकर उसे पूर्णतः कार्य में परिवर्तित कर सके।

इस कथन से यह स्पष्ट है कि ऊष्मा की कोई भी मात्रा पूर्णतः कार्य में परिवर्तित नहीं हो सकती है। किसी इंजन के लिये ऊष्मा की कुछ मात्रा सिंक को लौटाना आवश्यक है। एक इंजन को स्रोत के साथ-साथ सिंक की भी आवश्यकता होती है। इंजन की दक्षता हमेशा एक से कम होती है क्योंकि ऊष्मा पूर्णतः कार्य में परिवर्तित नहीं हो सकती है।

## कार्नो इंजन (Carnot Engine)

कार्नो ने एक सैद्धांतिक इंजन का निरूपण किया जो प्रायोगिक इंजन के सभी दोषों से मुक्त होता है। ऐसा इंजन व्यवहार में प्राप्त नहीं किया जा सकता।

कार्नो इंजन के प्रमुख भाग निम्नलिखित हैं




Fig. 14.31

(i) पूर्णतः चालक आधार व कुचालक दीवारों का बेलन जिसमें घर्षण रहित पिस्टन लगा हो व कार्यकारी पदार्थ के रूप में आदर्श गैस भरी हो।

(ii) स्थिर उच्च तापमान $T_1$ पर नियंत्रित अनंत ऊष्मीय क्षमता का स्रोत।

(iii) स्थिर निम्न तापमान $T_2$ पर नियंत्रित अनंत ऊष्मीय क्षमता की सिंक।

(iv) बेलन के लिये एक पूर्णतः कुचालक स्टैण्ड।

(1) **कार्नो चक्र :** जब इंजन कार्य करता है, तो कार्यकारी पदार्थ एक चक्र का पालन करता है, जो कार्नो चक्र कहलाता है। कार्नो चक्र में निम्नलिखित चार स्ट्रोक होते हैं




Fig. 14.32

(i) पहला स्ट्रोक (समतापीय प्रसार) (वक्र $AB$) :

स्थिर तापमान $T_1$ पर बेलन के कार्यकारी पदार्थ के रूप में आदर्श गैस का प्रसार धीरें-धीरे होता है।

किया गया कार्य = निकाय द्वारा अवशोषित ऊष्मा

$$W_1 = Q_1 = \int_{V_1}^{V_2} P\,dV = RT_1 \log_e\left(\frac{V_2}{V_1}\right) = \text{क्षेत्रफल } ABGE$$

(ii) दूसरा स्ट्रोक (रुद्धोष्म प्रसार) (वक्र $BC$) :

जब बेलन को कुचालक स्टैण्ड पर रखा जाता है तो गैस का रुद्धोष्म प्रसार तब तक होता है जब तक कि तापमान $T_1$ से $T_2$ तक न हो जाएें।

$$W_2 = \int_{V_2}^{V_3} P\,dV = \frac{R}{(\gamma-1)}[T_1 - T_2] = \text{क्षेत्रफल } BCHG$$

(iii) तीसरा स्ट्रोक (समतापीय संपीड़न) (वक्र $CD$) :

बेलन को सिंक पर रखते हैं और गैस को स्थिर ताप $T_2$ पर संपीडित करते हैं।

किया गया कार्य = निकाय द्वारा निष्कासित की गई ऊष्मा

$$W_3 = Q_2 = -\int_{V_3}^{V_4} P\,dV = -RT_2 \log_e \frac{V_4}{V_3}$$

$$= RT_2 \log_e \frac{V_3}{V_4} = \text{क्षेत्रफल } CDFH$$

(iv) चतुर्थ स्ट्रोक (रुद्धोष्म संपीडन) (वक्र $DA$) : अंत में बेलन को पुनः कुचालक स्टैण्ड पर रखते है और सतत् संपीड़न होता रहता है, जब तक कि गैस अपनी प्रारंभिक अवस्था में न लौट आये।

$$W_4 = -\int_{V_4}^{V_1} P\,dV = -\frac{R}{\gamma-1}(T_2 - T_1)$$

$$= \frac{R}{\gamma-1}(T_1 - T_2) = \text{क्षेत्रफल } ADFE$$

(2) **कार्नो चक्र की दक्षता :** इंजन की दक्षता को इंजन द्वारा किये गये कार्य तथा इंजन को दी गई ऊष्मा के अनुपात से परिभाषित करते हैं।

अर्थात् $\eta = \dfrac{\text{किया गया कार्य}}{\text{दी गई ऊष्मा}} = \dfrac{W}{Q_1}$

पूर्ण चक्रण के दौरान किया गया कुल कार्य

$$W = W_1 + W_2 + (-W_3) + (-W_4)$$

$$= W_1 - W_3 = \text{क्षेत्रफल } ABCD \qquad [\because\ W_2 = W_4]$$

$$\therefore \quad \eta = \frac{W}{Q_1} = \frac{W_1 - W_3}{W_1} = \frac{Q_1 - Q_2}{Q_1} = 1 - \frac{W_3}{W_1} = 1 - \frac{Q_2}{Q_1}$$

या $\eta = 1 - \dfrac{RT_2 \log_e(V_3/V_4)}{RT_1 \log_e(V_2/V_1)}$

चूँकि बिन्दु $B$ और $C$ समान रुद्धोष्म वक्र पर रहते हैं

$$\therefore \quad T_1 V_2^{\gamma-1} = T_2 V_3^{\gamma-1} \text{ या } \frac{T_1}{T_2} = \left(\frac{V_3}{V_2}\right)^{\gamma-1} \qquad .....(i)$$

बिन्दु $A$ और $D$ भी समान रुद्धोष्म वक्र पर रहते है

$$\therefore \ T_1 V_1^{\gamma-1} = T_2 V_4^{\gamma-1} \text{ या } \frac{T_1}{T_2} = \left(\frac{V_4}{V_1}\right)^{\gamma-1} \qquad .....(ii)$$

(i) और (ii) से $\dfrac{V_3}{V_2} = \dfrac{V_4}{V_1}$ या $\dfrac{V_3}{V_4} = \dfrac{V_2}{V_1}$

$$\Rightarrow \ \log_e\left(\frac{V_3}{V_4}\right) = \log_e\left(\frac{V_2}{V_1}\right)$$

इसलिये कार्नो इंजन की दक्षता $\eta = 1 - \dfrac{T_2}{T_1}$

(i) ऊष्मा इंजन की दक्षता केवल स्रोत और सिंक के ताप पर निर्भर करती है।

(ii) सभी उत्क्रमणीय ऊष्मा इंजन जो समान तापों के बीच कार्य करते है समान रूप से दक्ष होते है। कोई भी ऊष्मा इंजन कार्नो इंजन से अधिक दक्ष नहीं होता (क्योंकि ये आदर्श है)।

(iii) केल्विन पैमाने पर तापमान कभी भी ऋणात्मक नहीं हो सकता (क्योंकि 0 $K$ को निम्न संभावित ताप की तरह परिभाषित किया जाता है) और $T_1$ एवं $T_2$ परिमित है। अतः ऊष्मा इंजन की दक्षता हमेशा एक से कम होती है अर्थात् ऊष्मा पूर्णतः कार्य में परिवर्तित नहीं हो सकती। जो कि द्वितीय नियम के अनुरूप है।

वास्तविक इंजन की दक्षता आदर्श इंजन की दक्षता से कम होती है। वास्तव में वाष्प इंजन की प्रायोगिक दक्षता लगभग (8-15)% होती है जबकि पेट्रॉल इंजन की 40% होती है। डीजल इंजन की दक्षता अधिकतम (50-55)% होती है।

(3) **कार्नो प्रमेय :** कार्नो ऊष्मा इंजन की दक्षता केवल स्रोत के ताप ($T_1$) और सिंक के ताप ($T_2$) पर निर्भर होती है, अर्थात् $\eta = 1 - \dfrac{T_2}{T_1}$

कार्नो ने व्यक्त किया कि स्रोत और सिंक के तापों के मध्य कार्यरत् कोई भी ऊष्मा इंजन, पूर्ण उत्क्रमणीय इंजन (कार्नो इंजन) की अपेक्षा अधिक दक्ष नहीं हो सकता।

**Table 14.3 : पेट्रोल इंजन और डीजल इंजन में अंतर**

| पेट्रोल इंजन | डीजल इंजन |
|---|---|
| कार्यकारी पदार्थ पेट्रोल वाष्प और वायु का मिश्रण होता है। | कार्यकारी पदार्थ डीजल वाष्प और वायु का मिश्रण होता है। |
| दक्षता कम है (~47%) | दक्षता अधिक है (~55%) |
| यह स्पार्क प्लग के साथ कार्य करता है। | यह ऑइल प्लग के साथ कार्य करता है। |
| इसमें विस्फोट का खतरा होता है क्योंकि पेट्रोल वाष्प एवं वायु संपीडित होती है इसलिये निम्न संपीडन अनुपात रखा जाता है। | विस्फोट का कोई खतरा नही होता, क्योंकि केवल वायु संपीडित होती है। इसलिये संपीडन अनुपात अधिक रखा जाता है। |
| स्पार्क प्लग पर पेट्रोल वाष्प और वायु का मिश्रण होता है। | जेट के द्वारा डीजल का स्प्रे प्राप्त होता है। |

## एण्ट्रॉपी (Entropy)

एण्ट्रॉपी निकाय की आण्विक गति की अनियमितता का मापक है। अनियमितता अधिक होने पर एण्ट्रॉपी अधिक होगी।

एण्ट्रॉपी में परिवर्तन $dS = \frac{\text{निकाय के द्वारा अवशोषित ऊष्मा}}{\text{परम ताप}}$ या

$$dS = \frac{dQ}{T}$$

इस संबंध को ऊष्मागतिकी के द्वितीय नियम का गतिणीय रूप कहते है।

(1) **ठोस एवं द्रव के लिये**

(i) जब किसी पदार्थ को ऊष्मा दी जाती है तो स्थिर ताप पर अवस्था में परिवर्तन होता है, तो एण्ट्रॉपी में परिवर्तन

$$dS = \frac{dQ}{T} = \pm\frac{mL}{T}$$

जहाँ धनात्मक चिन्ह ऊष्मा के अवशोषण को दर्शाता है एवं ऋणात्मक चिन्ह ऊष्मा के निकलने को दर्शाता है।

(ii) जब किसी पदार्थ को ऊष्मा दी जाती है तो उसका ताप $T_1$ से $T_2$ बढ़ जाता है, तब एण्ट्रॉपी में परिवर्तन है।

$$dS = \int \frac{dQ}{T} = \int_{T_1}^{T_2} mc\frac{dT}{T} = mc\log_e\left(\frac{T_2}{T_1}\right)$$

$$\Rightarrow \Delta S = 2.303\, mc\log_e\left(\frac{T_2}{T_1}\right)$$

(2) **आदर्श गैस के लिये :** $n$ मोलों के लिये आदर्श गैस समीकरण है $PV = nRT$

$$\Delta S = \int\frac{dQ}{T} = \int\frac{nC_V dT + P\,dV}{T} \qquad [\because dQ = dU + dW]$$

$$\Rightarrow \Delta S = \int\frac{nC_V dT + \frac{nRT}{V}dV}{T} = nC_V\int_{T_1}^{T_2}\frac{dT}{T} + nR\int_{V_1}^{V_2}\frac{dV}{V}$$

$[\because PV = nRT]$

$$\therefore \quad \Delta S = nC_V\log_e\left(\frac{T_2}{T_1}\right) + nR\log_e\left(\frac{V_2}{V_1}\right)$$

इसी प्रकार $T$ एवं $P$ के संदर्भ में

$$\Delta S = nC_P\log_e\left(\frac{T_2}{T_1}\right) - nR\log_e\left(\frac{P_2}{P_1}\right)$$

तथा $P$ और $V$ के संदर्भ में

$$\Delta S = \mu C_V\log_e\left(\frac{P_2}{P_1}\right) + \mu C_P\log_e\left(\frac{V_2}{V_1}\right)$$

## Tips & Tricks

✍ जब एक थर्मस बोतल को तेजी से हिलाया जाये :

बोतल में भरी कॉफी की स्थानान्तरित ऊष्मा $\Rightarrow \Delta Q = 0$

[क्योंकि थर्मस फ्लास्क की दीवारें कुचालक हैं]

कॉफी पर श्यान बल के विरुद्ध कार्य $\Delta W = (-)$

कॉफी की आंतरिक ऊर्जा में वृद्धि होती है $\Delta U = (+)$

एवं कॉफी का तापक्रम भी बढ़ता है $\Delta T = (+)$



✍ **आयतन की सीमाओं के बिना कार्य :**

$$W = \int_{V_i}^{V_f} P\,dV$$

इस समीकरण से स्पष्ट है कि किया गया कार्य केवल तभी परिकलित हो सकता है जब $P$-$V$ समीकरण एवं आयतन की सीमायें $V_i$ एवं $V_f$ ज्ञात हो लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। यदि हमें ताप की सीमायें ज्ञात हों तब भी हम किये गये कार्य को परिकलित कर सकते हैं।

उदाहरण के लिये, प्रक्रम $P = \frac{\alpha}{T}$ के द्वारा एक आदर्श गैस के $\mu$ मोलों का ताप $T_0$ से $2T_0$ तक बढ़ता है

$$PV \text{ से } = \mu RT \Rightarrow V = \frac{\mu RT}{P} = \frac{\mu RT^2}{\alpha} \Rightarrow dV = \frac{2\mu RT}{\alpha}dT$$

$$\therefore \quad W = \int_{V_i}^{V_f} P\,dV = \int_{T_0}^{2T_0}\left(\frac{\alpha}{T}\right)\left(\frac{2\mu RT}{\alpha}\right)dT = 2\mu RT_0$$

✍ **स्प्रिंग के साथ कार्य :** यदि बल स्थिरांक $K$ के स्प्रिंग से भारहीन पिस्टन को जोड़ा जाये और भार $m$ पिस्टन के ऊपर रखा हो। यदि बाहरी दाब $P_0$ हो एवं गैस के प्रसार के कारण पिस्टन $x$ दूरी ऊपर की ओर चला जाए तो




गैस के द्वारा किया गया कुल कार्य

$$W = W_1 + W_2 + W_3$$

जहाँ, $W_1$ = बाह्य दाब $(P_0)$ के विरुद्ध किया गया कार्य

$W_2$ = स्प्रिंग बल $(Kx)$ के विरुद्ध किया गया कार्य

$W_3$ = गुरुत्वीय बल $(mg)$ के विरुद्ध किया गया कार्य

$$W = P_0V + \frac{1}{2}Kx^2 + mgx$$

✍ वास्तविक इंजन की दक्षता आदर्श इंजन की दक्षता से कम होती

है। वास्तव में वाष्प इंजन की प्रायोगिक दक्षता लगभग (8-15)% होती है जबकि पेट्रॉल इंजन की 40% होती है। डीजल इंजन की दक्षता अधिकतम (50-55)% होती है।

✍ जब $P$ तथा $V$ में सम्बन्ध $PV^x$ = नियतांक है, यहाँ $x \neq 1$ या $\gamma$ तो प्रक्रम बहुदैशिक कहलाता है। इस प्रक्रम में आण्विक ऊष्मीयधारिता, $C = C_V + \frac{R}{1-x} = \frac{R}{\gamma - 1} + \frac{R}{1-x}$

✍ **ऐन्थैल्पी :** अभिक्रियाएँ की रासायनिक ऊष्मागतिकी में एवं अचक्रीय प्रक्रम में चार राशियाँ महत्वपूर्ण है जिन्हें 'ऊष्मागतिक विभव' कहते हैं ये हैं आंतरिक ऊर्जा, एन्थैल्पी, हैल्महोल्ट्ज मुक्त ऊर्जा एवं गिब्स मुक्त ऊर्जा। ऐन्थैल्पी ($H$) को निम्न प्रकार परिभाषित किया जाता है

$$H = U + PV$$

यहाँ $P$ और $V$ क्रमशः दाब एवं आयतन हैं एवं $U$ आंतरिक ऊर्जा है। ऐन्थैल्पी कुछ-कुछ नियम दाब पर ऊष्मागतिकी के प्रथम नियम $Q = \Delta U + P\Delta V$ के समतुल्य है। $Q = \Delta H$

✍ **ऊष्मागतिकी के प्रथम नियम के बारे में भ्रम**

रसायनशास्त्र में ऊष्मागतिकी के प्रथम नियम को सामान्यतः निम्न प्रकार से लिखा जाता है।

$$\Delta U = \Delta Q + \Delta W$$

यहाँ $W$ निकाय पर कार्य को परिभाषित करता है, निकाय द्वारा किये गये कार्य को नहीं। भौतिकी के संदर्भ में गैस के किसी आयतन में ऊष्मा देने पर गैस के प्रसार द्वारा कार्य होता है। (आंतरिक दहन इंजिन में पिस्टन का चलना)। रासायनिक अभिक्रियाओं या प्रक्रम के संदर्भ में यह स्थिति अधिक प्रचलित है कि निकाय पर कहाँ कार्य किया गया है बजाय इसके कि इसके द्वारा किया गया है।

✍ **सम्भावनायें**




यदि $a \longrightarrow$ समतापीय तब $b \longrightarrow$ अवश्य रुद्धोष्म होगा

लेकिन यदि $b \longrightarrow$ रुद्धोष्म तब यह आवश्यक नहीं है कि $a$ समतापीय ही हों, यह रुद्धोष्म भी हो सकता है।

## Ordinary Thinking

### Objective Questions

### ऊष्मागतिकी का प्रथम नियम ($\Delta Q = \Delta U + \Delta W$)

1. ऊष्मागतिकी का प्रथम नियम है [CPMT 1977, 91]

(a) $dQ = dU + PdV$ (b) $dQ = dU \times PdV$

(c) $dQ = (dU + dV)P$ (d) $dQ = PdU + dV$

2. आदर्श गैस की आन्तरिक ऊर्जा निर्भर करती है

[RPMT 1997; MP PMT 1999; CPMT 2003]

(a) विशिष्ट आयतन पर (b) दाब पर

(c) ताप पर (d) घनत्व पर

3. किसी ऊष्मागतिकी निकाय को एक अवस्था $A$ से दूसरी अवस्था $B$ पर लाने में यदि निकाय को दी गई ऊष्मा $Q$ हो तथा निकाय द्वारा किया गया कार्य $W$ हो, तो आन्तरिक ऊर्जा में परिवर्तन है

[MP PMT 1986; AMU (Med.) 2001]

(a) $Q + W$ (b) $Q - W$

(c) $Q$ (d) $\frac{Q - W}{2}$

4. यदि एक निकाय को दी गई ऊष्मा 35 जूल हो तथा निकाय द्वारा किया गया कार्य 15 जूल हो, तो निकाय में होने वाले आन्तरिक ऊर्जा में परिवर्तन है [MP PET/PMT 1988]

(a) – 50 $J$ (b) 20 $J$

(c) 30 $J$ (d) 50 $J$

5. एक आदर्श गैस के प्रसार के दौरान ताप को नियत रखा जाता है। गैस बाहरी कार्य करती है। इस प्रक्रिया के दौरान, गैस की आन्तरिक ऊर्जा [MP PMT 1990]

(a) घटती है

(b) बढ़ती है

(c) स्थिर रहती है

(d) आणविक गति पर निर्भर करती है

6. ऊष्मागतिकी के प्रथम नियम का सम्बन्ध होता है [MP PMT 1987; CBSE PMT 1990, 92; AFMC 1997; CPMT 1999; BHU 1999; DCE 2000; BCECE 2003]

(a) संवेग संरक्षण से (b) ऊर्जा संरक्षण से
(c) द्रव्यमान संरक्षण से (d) ताप के संरक्षण से

7. एक ऊष्मागतिकीय निकाय निम्न अवस्थाओं से गुजरता है (i) $P, V$ से $2P, V$ (ii) $P, V$ से $P, 2V$ दोनों अवस्थाओं में सम्पन्न कार्य होगा [MP PMT 1990]

(a) (i) शून्य (ii) शून्य (b) (i) शून्य (ii) $PV$
(c) (i) PV (ii) शून्य (d) (i) PV (ii) $PV$

8. यदि किसी निकाय को दी गई ऊष्मा 35 जूल और निकाय द्वारा सम्पन्न कार्य –15 जूल है, तो आन्तरिक ऊर्जा में परिवर्तन होगा [MP PMT 1989]

(a) – 50 जूल (b) 20 जूल
(c) 30 जूल (d) 50 जूल

9. एक निकाय को 300 कैलोरी ऊष्मा दी जाती है और इस निकाय द्वारा 600 जूल कार्य किया जाता है। यहाँ निकाय की आन्तरिक ऊर्जा में कितना परिवर्तन होता है ($J$ = 4.18 जूल / कैलोरी) [MP PET 1991]

(a) 654 जूल (b) 156.5 जूल
(c) –300 जूल (d) –528.2 जूल

10. गैस द्वारा अथवा गैस पर किया गया कार्य निर्भर करता है

(a) गैस की प्रारम्भिक अवस्था पर
(b) गैस की अन्तिम अवस्था पर
(c) गैस की प्रारम्भिक और अन्तिम दोनों अवस्थाओं पर
(d) प्रारम्भिक अवस्था, अन्तिम अवस्था एवं पथ पर

11. यदि $R$=सार्वत्रिक गुरुत्वीय नियतांक है तब किसी एक–परमाण्विक आदर्श गैस के 2 मोल का तापक्रम $273K$ से $373K$ बढ़ाने के लिए (कोई कार्य न किया जाए ) आवश्यक ऊष्मा की मात्रा है [MP PET 1990]

(a) 100 $R$ (b) 150 $R$
(c) 300 $R$ (d) 500 $R$

12. जब कोई निकाय 2 किलो कैलोरी ऊष्मा अवशोषित करके 500 जूल कार्य करता है, तो उसकी आन्तरिक ऊर्जा में परिवर्तन है [EAMCET 1984]

(a) 7900 $J$ (b) 8200 $J$
(c) 5600 $J$ (d) 6400 $J$

13. किसी निकाय को $\Delta Q$ ऊष्मा देने पर यह $\Delta W$ कार्य करता है तथा आंतरिक ऊर्जा में परिवर्तन $\Delta U$ है। प्रारम्भिक व अन्तिम स्थितियों का अद्वितीय फलन (जो कि इस परिवर्तन की विधि से सम्बन्धित नहीं है) होगा [CPMT 1981; J & KCET 2004]

(a) $\Delta Q$ (b) $\Delta W$
(c) $\Delta U$ व $\Delta Q$ (d) $\Delta U$

14. 1 घन मीटर आयतन का एक पात्र दो बराबर भागों में एक विभाजन द्वारा बाँटा गया है। इनमें से एक पात्र में 300 $K$ पर आदर्श गैस भरी है। दूसरे पात्र में निर्वात् है। सम्पूर्ण निकाय अपने चारों ओर की ऊष्मा से विलगित है। अब एक विभाजन हटाने पर गैस सम्पूर्ण आयतन घेर लेती है, तो अब इसका तापक्रम होगा [Manipal MEE 1995]

(a) 300 $K$ (b) 239 $K$
(c) 200 $K$ (d) 100 $K$

15. किसी गैसीय निकाय को 110 जूल ऊष्मा देने पर किया गया कार्य कितना होगा, यदि निकाय की आंतरिक ऊर्जा परिवर्तन 40 जूल है [CBSE PMT 1993; DPMT 1996, 03; AFMC 1999; JIPMER 2000; MH CET 2000; Pb. PMT 2003]

(a) 150 $J$ (b) 70 $J$
(c) 110 $J$ (d) 40 $J$

16. कौनसा ऊष्मागतिक फलन नहीं है [CBSE PMT 1993; CPMT 2001; DCE 1996; 2001]

(a) एन्थैल्पी (b) कार्य
(c) गिब्स ऊर्जा (d) आंतरिक ऊर्जा

17. यदि किया गया कार्य 333 कैलोरी एवं आंतरिक ऊर्जा में परिवर्तन 167 कैलोरी है, तब निकाय को दी गई ऊष्मा होगी [AFMC 1998]

(a) 166 कैलोरी (b) 333 कैलोरी
(c) 500 कैलोरी (d) 400 कैलोरी

18. ऊष्मागतिकी के प्रथम नियमानुसार [KCET 1999]

(a) निकाय कार्य कर सकता है (b) निकाय का तापक्रम होता है
(c) निकाय में दाब होता है (d) ऊष्मा ऊर्जा का एक रूप है

19. किसी ऊष्मागतिक निकाय को अवस्था $(P_1, V_1)$ से अवस्था $(P_2, V_2)$ तक दो भिन्न–भिन्न प्रक्रमों द्वारा ले जाया जाता है। इन दोनों प्रक्रमों में जो राशि नियत रहेगी, वह है, [RPET 1999]

(a) $\Delta Q$ (b) $\Delta W$
(c) $\Delta Q + \Delta W$ (d) $\Delta Q - \Delta W$

20. किसी ऊष्मागतिक प्रक्रम में, गैस को 200 $J$ ऊष्मा दी जाती है तथा इस पर 100 $J$ कार्य भी किया जाता है। गैस की आन्तरिक ऊर्जा में परिवर्तन है [AMU (Engg.) 1999]

(a) 100 $J$ (b) 300 $J$
(c) 419 $J$ (d) 24 $J$

21. एक आदर्श गैस से भरा हुआ बेलनाकार पात्र निर्वात में स्थित है। यदि पात्र अचानक फट जाये तो गैस का ताप [MH CET 1999]

(a) नियत रहेगा (b) शून्य हो जायेगा
(c) बढ जायेगा (d) घट जायेगा

22. यदि किसी निकाय को दी गई ऊष्मा 150 $J$ एवं निकाय द्वारा किया गया कार्य 110 $J$, है तब निकाय की आन्तरिक ऊर्जा में परिवर्तन होगा [AMU (Engg.) 1999; BHU 2000]

(a) 260 $J$ (b) 150 $J$
(c) 110 $J$ (d) 40 $J$

23. यदि $\Delta Q$ एवं $\Delta W$ क्रमशः निकाय को दी गई ऊष्मा एवं निकाय पर किये गये कार्य को प्रदर्शित करते हैं, तब ऊष्मागतिकी के प्रथम

नियम को लिखा जा सकता है ($\Delta U =$ आन्तरिक ऊर्जा में परिवर्तन) [Roorkee 2000]

(a) $\Delta Q = \Delta U + \Delta W$ (b) $\Delta Q = \Delta U - \Delta W$

(c) $\Delta Q = \Delta W - \Delta U$ (d) $\Delta Q = -\Delta W - \Delta U$

24. गैस के मुक्त प्रसार हेतु निम्न में से क्या सत्य है [AMU (Med.) 2000]

